संख्या–cm-126
11/03/2021

आगरा सड़क हादसे में बिहार के मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक–एक लाख रूपये देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 11 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आगरा के एतमाउद्दौला में बिहार के लोगों की सड़क हादसे में हुयी मृत्यु पर गहरा दुख जताते हुये उनके आश्रितों को तत्काल मुख्यमंत्री राहत कोष से एक–एक लाख रूपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज की भी निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने दिल्ली स्थित बिहार के स्थानिक आयुक्त को उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर तत्काल सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना के सभी घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******